मेगा फूड पार्क योजना

प्रीलिम्स के लिये

इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क, मेगा फूड पार्क योजना

मेन्स के लिये

कृषि के समग्र विकास के दृष्टिकोण से मेगा फूड पार्क योजना की ज़रूरत

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में वर्चुअल रूप में **इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क** (Indus Best Mega Food Park) का उद्घाटन किया।

- इसे मेगा फूड पार्क योजना (Mega Food Park Scheme) के तहत बनाया गया है। इस फूड पार्क से करीब 5000 लोगों को रोज़गार मिलेगा तथा लगभग 25000 किसान लाभान्वित होंगे।

प्रमुख बिंदु

इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क के विषय में:

- इसे वर्ष 2008-09 में शुरू किया गया था ताकि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा सके और आपूर्ति शृंखला के प्रत्येक चरण में खाद्य अपव्यय को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा सके।
  - **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय** देश में मेगा फूड पार्क योजना लागू कर रहा है।
- मेगा फूड पार्क क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से मज़बूत फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज के साथ खेत से बाज़ार तक मूल्य शृंखला के साथ खाद्य प्रसंस्करण के लिये आधुनिक बुनियादी सुविधाओं का निर्माण किया जाता है।

उद्देश्य:

- इसका उद्देश्य किसानों, प्रसंस्करणकर्त्ता और खुदरा विक्रेताओं को एक साथ लाकर कृषि उत्पादन को बाज़ार से जोड़ने के लिये एक तंत्र प्रदान करना है ताकि मूल्यवर्द्धन को अधिक, अपव्यय को कम तथा किसानों की आय को ज़्यादा करके रोज़गार के नए अवसर (विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में) सुनिश्चित किये जा सकें।

दृष्टिकोण:

- यह योजना "क्लस्टर" दृष्टिकोण पर आधारित है जो एक अच्छी तरह से स्थापित आपूर्ति शृंखला के साथ औद्योगिक भूखंडों में आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिये एक अच्छी तरह से परिभाषित कृषि/बागवानी क्षेत्र में अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे के निर्माण की परिकल्पना करती है।

घटक:

- एक मेगा फूड पार्क में आमतौर पर संग्रह केंद्र, प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्र, केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र, कोल्ड चेन और उद्यमियों के लिये खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हेतु लगभग 25-30 पूर्ण विकसित भूखंड होते हैं।

वित्तीय सहायता:

- केंद्र सरकार प्रति मेगा फूड पार्क परियोजना के लिये 50 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
- यह परियोजना एक **विशेष प्रयोजन साधन** (Special Purpose Vehicle- SVP) द्वारा कार्यान्वित की जाती है जो कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत एक निगमित निकाय है।
  - एसपीवी एक सहायक कंपनी है जो एक विशिष्ट व्यावसायिक उद्देश्य या गतिविधि के लिये बनाई गई है।

वर्तमान स्थिति:

- वर्तमान में 22 मेगा फूड पार्क काम कर रहे हैं। यह भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' विज़न के अनुरूप है।



//

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mega-food-park-scheme